# रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 25 जून, 2025

वर्ष 01 | अंक 161 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital


RNI-NO.MPHIN/2015/64585


प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे



## नल-जल योजना में

# भ्रष्टाचार का खुलासा

## पत्रकार को धमकी, पैसे की पेशकश और सरकारी वाहन से दबाव!







मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु चलाई जा रही "नल-जल योजना" और "जल जीवन मिशन" अब भ्रष्टाचार का बड़ा अड्डा बनती जा रही हैं। देवास जिले के कन्नौद क्षेत्र में एक स्वतंत्र पत्रकार द्वारा जब योजना में भारी गड़बड़ियों और ग्रामीणों को पानी न मिलने की खबर प्रकाशित की गई, तो पीएचई विभाग के अधिकारी बौखला गए। इस खबर के प्रसारण के बाद पत्रकार को कन्नौद एसडीएम कार्यालय परिसर में बुलाया गया, जहाँ पीएचई विभाग की उपयंत्री छाया दुबे, उनके भाई और अन्य विभागीय कर्मी मौजूद थे। वे MP09DT7219 नंबर की शासकीय बोलेरो गाड़ी में आए थे, जिस पर "एसडीओ" लिखा हुआ था। यह वाहन पीएचई विभाग से संबंधित था और इसी वाहन में बैठकर दबाव बनाने की कोशिश की गई।

पत्रकार ने जब पैसे लेने से साफ इनकार किया और अपनी ईमानदार पत्रकारिता की बात कही, तो उपयंत्री के भाई ने किसी को फोन लगाकर पत्रकार की बात कराई। फोन पर साफ कहा गया: "आपका पैसा भेज दिया गया है।"

### अब सवाल उठता है

यह पैसा आखिर किस बात के लिए दिया जा रहा है? क्या ये रिश्वत है? दबाव है? या पत्रकार की ईमानदारी को खरीदने की कोशिश? पत्रकार ने पहले ही पुलिस थाना कन्नौद में एक लिखित आवेदन देकर अपनी सुरक्षा की चिंता जताई थी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि पी एच ई विभाग के कुछ अधिकारी उन्हें झूठे केस में फँसाने की साजिश कर सकते हैं ताकि वे सच्चाई सामने लाने से डर जाएँ। इस पूरी बातचीत का वीडियो भी मौजूद है, जिसमें उपयंत्री छाया दुबे स्पष्ट कहती हैं:

"घोटाला हुआ है, और सबसे पहले उपयंत्री ही फँसता है।"

यह बयान खुद एक उच्च पदस्थ अधिकारी द्वारा घोटाले की अप्रत्यक्ष स्वीकारोक्ति है।

मुख्य तथ्यः पी एच ई अधिकारी और उनके भाई द्वारा पत्रकार को धमकी, चेतावनी और पैसे का प्रस्ताव शासकीय वाहन (MP09DT7219) से दबाव बनाया गया पत्रकार का मोबाइल छीनने की कोशिश, और सीसीटीवी से पुष्टि संभव पुलिस को पहले से सूचना, पत्रकार को फँसाने की साजिश की आशंका

### नल-जल योजना में भारी भ्रष्टाचार के सबूत उजागर

अब ये सवाल जनता और शासन के सामने हैः क्या पत्रकार को धमकाने और रिश्वत की पेशकश करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई? क्या पीएचई विभाग की गहराई तक निष्पक्ष जांच होगी? क्या सरकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाएगा? क्या पीएचई विभाग की गहराई तक जांच होगी?

और क्या ग्रामीणों को उनका हक – साफ़ पानी – मिलेगा?

जब तक इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक यह कहा जा सकता है कि यह सिर्फ योजना का नहीं, बल्कि जनता के भरोसे का भी घोटाला है। खबर के सामने आने के बाद यह साफ होता जा रहा है कि पीएचई विभाग में गहरे स्तर पर भ्रष्टाचार फैला है। यदि जांच निष्पक्ष रूप से की जाती है, तो कई अधिकारी जेल की सलाखों के पीछे जा सकते हैं PHE विभाग की कुर्सी पर जमें भ्रष्टाचार के दलाल!" "देवास में 'कागजी पानी', असली में सूखा लूट का खुलासा देवास में PHE विभाग की सच्चाई PHE विभाग के कई अधिकारी वर्षों से एक ही पद पर जमे हैं। ट्रांसफर होने के बावजूद, जुगाड़ लगाकर वापस लौट आते हैं। मंशा साफ है कुर्सी नहीं छोड़ेंगे ताकि घोटाले छुपे रहें और मोटी रकम मिलती रहे। गांव वालों को पानी मिले या न मिले, लेकिन अधिकारियों की जेबें जरूर भर रही हैं।अब तो हाल ऐसा है कि दाल में कुछ काला नहीं, पूरी दाल ही काली लगती है।अगर जांच हुई और परतें खुलीं, तो बड़े-बड़े अधिकारी जेल की हवा खा सकते हैं। जनप्रतिनिधियों और जनता की सीधी मांग है वर्षों से जमे अधिकारियों को तत्काल हटाया जाए और जल जीवन मिशन की स्वतंत्र जांच हो।

## अवैध गांजा तस्करी में सराफा पुलिस की बड़ी कार्रवाई-11 किलो गांजा व बाइक सहित दो तस्कर गिरफ्तार



**राजेश धाकड़**

इंदौर। अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ इंदौर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। थाना सराफा पुलिस ने सोमवार को प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 किलो से अधिक अवैध मादक पदार्थ गांजा और एक कीमती मोटरसाइकिल जब्त की है। जप्त गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 03 लाख रुपये है, जबकि जब्त की गई टीवीएस अपाचे बाइक की कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये आंकी गई है। कुल मिलाकर पुलिस ने करीब 4.50 लाख रुपये का माल जब्त किया है।

तस्कर खुद थे नशे के आदी, खेतों में उगाते थे गांजा

पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे स्वयं नशे की लत के शिकार हैं और जल्दी पैसा कमाने की नियत से इस अवैध व्यापार में लिप्त हुए। वे बाहर जिलों से गांजा सस्ते दामों में खरीदकर लाते और इंदौर शहर में महंगे दामों में नशा करने वालों को बेचते थे। साथ ही यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपी अपने आसपास के खेतों में भी गांजे की खेती कर रहे थे।

गिरफ्तार आरोपीः

1. राजेन्द्र ओसारी, पिता उमराव ओसारी, उम्र 30 वर्ष, निवासी कछवानिया, थाना धामनोद, जिला धार। (शिक्षा – नवमी तक, पेशा – खेती,2. पंकज भील, पिता पाचीलाल भील, उम्र 25 वर्ष, निवासी सालीपुरा, थाना महेश्वर, जिला खरगोन। (शिक्षा – आठवीं तक, पेशा – खेती)

जप्त सामग्रीः

लगभग 11 किलो गांजा (अनुमानित कीमत 3 लाख टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल (अनुमानित कीमत 1.5 लाख)

पुलिस कार्यवाहीः

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया था, जिसमें पुलिस उपायुक्त जोन 4 श्री ऋषिकेश मीना, अति. पुलिस उपायुक्त श्री आनंद यादव, एवं सहायक पुलिस आयुक्त श्री हेमंत चौहान का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आरोपियों के खिलाफ थाना सराफा में अपराध क्रमांक 75/2025, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर गांजा आपूर्ति नेटवर्क का खुलासा करने और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

सराहनीय भूमिकाःइस सराहनीय कार्रवाई में निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी, उनि चैनसिंह चौहान, आरक्षक रोहित पाराशर, केतन, सचिन व रामसिंह की विशेष भूमिका रही

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस द्वारा थाना यातायात पर ऑटो चालकों की मीटिंग ली गई



आपको बता दें कि 1 जुलाई से स्कूल शुरू हो रहें हैं जिसमें बच्चों की सुरक्षा को लेकर ऑटो चालकों की मीटिंग ली गई। प्रायः देखने में आता है कि ऑटो चालक बच्चों को क्षमता से अधिक ऑटो में भरकर ले जाते हैं। जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। आज सभी ऑटो चालकों को कुछ दिशा निर्देश दिए गए हैं जिनका पालन करना अनिवार्य होगा।

1. ऑटो चालक क्षमता से अधिक बच्चे ऑटो में नहीं बिठाएंगे। ( अधिकतम 5 )
2. ऑटो चालक रॉन्ग साइड वाहन नहीं चलाएंगे।
3. कोई भी ऑटो चालक शराब के नशे में वाहन नहीं चलाएगा।
4. सभी ऑटो चालक बच्चों की सुरक्षा के लिए ऑटो में दोनों गेटों पर जाली लगवाएंगे।
5. सभी ऑटो चालकों के पास वाहन का बीमा एवं फिटनेस अनिवार्य रूप से होना चाहिए।
6. सभी ऑटो चालक वर्दी एवं नेम प्लेट आवश्यक रूप से धारण करेंगे।
7. कोई भी ऑटो चालक ओवरस्पीड ऑटो नहीं चलाएंगे।8. सभी ऑटो चालक बच्चों को रोड क्रॉस आवश्यक रूप से कराएंगे। प्रायः देखने में आता है कि वे बच्चों को रोड के दूसरे साइट ही छोड़ कर चले जाते हैं। जिससे दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है। यातायात पुलिस सभी अभिभावकों से भी अनुरोध करती है कि वे अपने बच्चों को जिस ऑटो में भेज रहे हैं उसकी जांच पड़ताल एक बार आवश्यक रूप से कर लें कि वह ऑटो चालक बच्चों को किस तरीके से ले जा रहा है। अगर वह नियमों का पालन नहीं कर रहा है तो आप यातायात पुलिस को इसकी लिखित शिकायत कर सकते हैं जिसके बाद उस ऑटो चालक पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता के हितों के लिए काम किया व देश को मजबूत किया



हाटपिपल्या। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता के हितों के लिए काम किया वह देश को मजबूत करते हुए एक निशान एक विधान एक प्रधान की बात करते हुए देश में भारतीय जनसंघ की स्थापना कर इस देश को एक नया संगठन दिया इस देश की एकता व अखंडता के लिए उन्होंने अपना बलिदान कर दिया यह बात आज उनके बलिदान दिवस पर मुख्य अतिथि जिला संयोजक लक्ष्मी नारायण गोरा ने कहीं आयोजन का संचालन अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौड़ ने किया व आभार मंडल महामंत्री रमेश संदूकलिया ने किया आयोजन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजन का शुभारंभ हुआ आयोजन में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सैंधव विजय शक्तावत कृपाल सिंह सैंधव भुजराम जाट विनोद जोशी राजकिशोर जायसवाल धीरज सिंह सैंधव पप्पू धनगर रामसिंह सैंधव हरीश बंजारा अनोखी जाट भोलाराम पाटीदार गोपाल राजपूत यशवंत चौहान नितिन तंवर लखन तलाया समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। वही श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर में नगर मंडल हाटपिपल्या में सभी बुथो पर बलिदान दिवस मनाया गया व पौधारोपण किया गया।

# कलेक्टर कार्यालय पर सैकड़ो महिलाओं ने नारेबाजी के साथ किया विरोध प्रदर्शन



आज नंदबाग मेन रोड पर खुल रही शराब दुकान के विरोध में क्षेत्रीय विधायक जी* के मार्गदर्शन में *वार्ड 16 की श्रेष्ठ सक्रिय पार्षद श्रीमती सोनाली मुकेश धारकर के नेतृत्व* मे न्यू एकता नगर, गंगाधाम, राधाकृष्ण विहार, नंदन बाग,एकता नगर, विशाल पैलेस यादव पेलेस , नंदबाग की सैकड़ों मातृशक्तियों और पुरुषों द्वारा इंदौर कलेक्टर ऑफिस पर प्रदर्शन कर कलेक्टर महोदय श्री आशीष सिंह जी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें पुर जोर मांग की गई कि कुशवाह नगर में संचालित शराब की दुकान नंदबाग मेन रोड पर स्थानांतरित नहीं किया जाना चाहिए कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन में मुख्य रूप से इंद्रवीर सेंगर जी, अमर जी ठाकुर , नितिन धारकर,रितेश बंटी ठाकुर जी , यश यादव जी अमित दुबे जी, मोहित दुबे जी, पवन यादव जी , आशा पंवार जी, विद्या चौरसिया जी, ऊषा जी , सुर्वणा मेंडड जी अनिता बलसोडा जी , आजाद जी राजपूत,कुलदीप सेन व रहवासीगण उपस्थित रहे.....

# मुख भ्रामक और विवादास्पद विज्ञापन उदाहरण




## 1. गोरापन क्रीम “Fair & Lovely / Glow & Lovely”

दावाः 7 दिन में चेहरा गोरा।

सच्चाईः कोई भी क्रीम स्थायी रंग परिवर्तन नहीं कर सकती। ये उत्पाद स्किन को हल्का बना सकते हैं पर ये “गौरापन” देने की गारंटी नहीं।

**असर**ः रंगभेद को बढ़ावा देना और आत्मविश्वास की कमी पैदा करना।

2. कोल्ड ड्रिंक – Coca-Cola, Pepsi

**दावा**ः “Thanda matlab Coca-Cola” या “Yeh Dil Maange More”

सच्चाईः हाई शुगर, ज़ीरो न्यूट्रिशन वैल्यू, मोटापा और डायबिटीज का कारण।

सेलिब्रिटीजः आमिर खान, सलमान खान, कैटरीना कैफ आदि।

3. मेमोरी बूस्टर – Complan, Horlicks, Bournvita

दावाः बच्चे 2x तेज़ी से बढ़ते हैं, परीक्षा में टॉप करेंगे।

सच्चाईः कोई भी हेल्थ ड्रिंक IQ या एकेडमिक स्कोर नहीं बढ़ा सकता। इनका पोषण स्तर सामान्य होता है लेकिन मार्केटिंग बहुत आक्रामक होती है।

सेलिब्रिटीजः रणवीर सिंह, काजोल आदि।

4. मर्दाना ताकत की दवाइयाँ – “शक्तिवर्धक तेल / कैप्सूल”

दावाः 7 दिन में मर्दाना ताकत या बाल वापस।

सच्चाईः ज़्यादातर बिना लाइसेंस और सर्टिफिकेशन के।

कई बार ऐक्टर्स या लोकल कलाकार इनका प्रचार करते हैं।

5. लकी ड्रा और जीतने वाले विज्ञापन

दावाः “आपकी गाड़ी जीत गई”, “5 लाख का इनाम जीता”

सच्चाईः ठगी का सीधा रास्ता, आम जनता को फंसाने के लिए विज्ञापन की भाषा भावनात्मक होती है।

6. साबुन और शैम्पू – “1 Wash = चमकदार बाल”

दावाः एक बार में डेंड्रफ गायब या बाल सिल्की हो जाएंगे।

सच्चाईः किसी भी प्रोडक्ट को असर दिखाने के लिए लगातार प्रयोग की ज़रूरत होती है। एक बार में बदलाव संभव नहीं।

7. पेट की दवा – Ayurvedic पेट साफ़ कैप्सूल

दावाः बिना साइड इफेक्ट के पेट बिलकुल साफ़।

सच्चाईः कई बार इसमें स्टेरॉयड होते हैं या अनजाने साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं।

### जनता के लिए चेतावनी

1. किसी विज्ञापन को देखकर तुरंत विश्वास न करें।

2. सेलिब्रिटी चेहरे सिर्फ प्रचार करते हैं — उन्हें प्रोडक्ट की असली सच्चाई नहीं पता होती।

3. खरीदने से पहले रिसर्च करें, रिव्यू पढ़ें, और डॉक्टर या विशेषज्ञ से सलाह लें।

सरकार और समाज की भूमिकाः

ASCI (Advertising Standards Council of India) और FSSAI जैसी संस्थाएं ऐसे भ्रामक विज्ञापनों पर कार्रवाई करती हैं, लेकिन जनता को भी जागरूक रहना ज़रूरी है।

स्कूलों, कॉलेजों, और अखबारों में विज्ञापन साक्षरता (Advertisement Literacy) को बढ़ावा देना चाहिए।

# शास्त्रीय संगीत पर आधारित राग व वाद्ययंत्र हमारे सूक्ष्म चक्रों को सशक्त बनाते हैं



सहज योग में संगीत व वाद्य यंत्रों पर ध्यान करने का महत्व बहुत ज्यादा है। हमने कई बार इस बात को अपने जीवन में घटित पाया होगा कि जब हम कोई कार्य करते हुये धीमी आवाज में सुमधुर संगीत सुनते हैं तो मन को कार्य करते हुये थकान का अनुभव नहीं होता है। आजकल तो यह भी सुना जा रहा है कि फलों और सब्जियों के उत्पादन में, गाय से अधिक दूध प्राप्त करने में संगीत का प्रयोग हो रहा है। हमारे शरीर के अंदर के सभी सूक्ष्म शक्ति केन्द्र यानि हमारे चक्र भी ईश्वर से जुड़े हैं और शास्त्रीय संगीत एवं वाद्य यंत्र भी ईश्वरीय उपासना के ही स्त्रोत हैं। एक सुर या लय में गाया गया गीत जल्द ही ईश्वर तक पहुंचता है। भजन व आरती भी इसी उद्देश्य से गाये जाते हैं। सहज योग में हमने यह जाना है कि ईश्वर हमारे ही अंदर हैं, अतः हम संगीत से अपने ही अंदर के ईश्वर को आनंदित करते हैं।

हमारी परम पूज्य श्री माताजी ने चक्रों की जागृति हेतु हर चक्र का अलग राग बताया है व वाद्य यंत्र भी हर चक्र के अलग अलग हैं। यदि हम ध्यानावस्था में संबंधित चक्र पर उस चक्र के राग या वाद्य यंत्र को सुनते हुये ध्यान करते हैं तो चक्र सशक्त होता है जैसे चक्रों को पोषण मिल रहा हो। हमारे चक्र सात हैं और संगीत के सुर भी सात हैं सा रे गा मा पा धा नि। मूलाधार के लिए सा, स्वाधिष्ठान के लिए रे, नाभी के लिए गा, हृदय के लिए मा, विशुद्धि के लिए पा, आज्ञा के लिए धा, और सहस्त्रार के लिए नि। यदि हम मूलाधार से सहस्त्रार तक हर चक्र पर संबंधित सुर लगाते हुये ऊपर को जायें तो पायेंगे कि चैतन्य का प्रवाह तेज हो गया है।

राग और वाद्य यंत्र जो हर चक्र पर प्रभावी होते हैं उनका विवरण इस प्रकार हैः-

1 मूलाधार चक्र : राग - श्याम कल्याण/बिलावल, वाद्य यंत्र- शहनाई

2 स्वाधिष्ठान चक्र : राग : तोड़ी / यमन , वाद्य यंत्र - वीणा

3 नाभि चक्र : राग - ललित / गुनकली, वाद्य यंत्र - संतूर

4 भवसागर : राग - मालकौंस

5 हृदय चक्र : राग - भैरवी/दुर्गा/भैरव तबला-मृदं

6 विशुद्धि चक्र : राग - जय-जयवंती, वाद्य यंत्र - बॉंसुरी

7 आज्ञा चक्र : राग - भूप /बागेसरी, वाद्य यंत्र - सरोद

8 सहस्त्रार चक्र - राग - दरबारी / भैरवी, वाद्य यंत्र - सितार

ध्यान के समय सुनियोजित तरीके से श्री माताजी के प्रवचन के साथ साथ राग या वाद्य यंत्र को सुनकर ध्यान करना, ध्यान को पूर्णता प्रदान करता है। इससे हमारे चक्र तो शक्तिशाली होते ही हैं, हमारा चेहरा भी तेजोमय हो जाता है। यदि किसी चक्र पर समस्या है तो उस चक्र का राग या वाद्य यंत्र दो तीन दिन लगातार सुनकर उस चक्र को प्रभावी करें। इस अनूठी ध्यान पद्धति से जुड़ने हेतु व आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# आउटसोर्स कर्मी एम.पी. ट्रांसको के अभिन्न अंग चाय संग संवाद में एम.डी. इंजी. सुनील तिवारी

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम. पी. ट्रांसको) के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने मुख्यालय जबलपुर में आउटसोर्स कर्मियों के साथ सीधा संवाद किया। दो सत्रों में हुई इस बेहद उपयोगी चर्चा में करीब 140 आउटसोर्स कर्मी शामिल हुए। प्रबंध संचालक ने चाय के साथ कर्मियों से बातचीत कर उनके अनुभव, समस्याएं और सुझाव गंभीरता से सुना। संवाद का माहौल पूरे समय सहज, सकारात्मक और विकासोन्मुखी रहा। चाय के साथ हुई यह चर्चा कर्मियों के मन की बात जानने और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## प्रशिक्षण और डिजिटल दक्षता की जरूरत

कर्मियों ने संवाद के दौरान प्रशिक्षण, स्किल डेवलपमेंट और ई-ऑफिस की कार्यशैली सीखने की इच्छा जताई। प्रबंध संचालक ने इन सुझावों की सराहना करते हुए भरोसा दिलाया कि जल्द ही इन्हें अमल में लाने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कर्मियों से ई.आर.पी. सिस्टम में दक्ष बनने का आग्रह भी किया ताकि वे डिजिटल युग की चुनौतियों का बेहतर सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स कर्मी एम.पी. ट्रांसको के अभिन्न अंग हैं और उनकी भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी नियमित और संविदा कर्मियों की।

## कर्मियों के बहुआयामी विकास पर जोर

प्रबंध संचालक ने कहा कि कई आउटसोर्स कर्मी अपने काम में दक्ष हैं, लेकिन आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में बहुआयामी कौशल सीखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कर्मियों से सतत् सीखने और कार्य में निपुणता बढ़ाने का आह्वान किया।

## डिजिटल फ्रेंडली बनने की अपील

इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि कंपनी आउटसोर्स कर्मियों के प्रति हमेशा संवेदनशील रही है। उन्होंने कर्मियों से समय के साथ खुद को डिजिटल फ्रेंडली बनाने और अपने वरिष्ठ साथियों से लगातार सीखने की सलाह दी।

# 25 वर्षों के बाद होगा दिंगबर समाज में मुनि श्री का वर्षायोग

**रणजीत टाइम्स**

राणापुर । तपस्वी रत्न आचार्य श्री सन्मतिसागर जी के पट्टशिष्य ऐव अनेक तीर्थों के पुनरोद्धारक प्राकृताचार्य श्री सुनीलसागर जी महाराज के सुयोग्यशिष्य तपस्वी मुनिराज श्री सुमंत्र सागर जी महाराज का चातुर्मास करीब 25 वर्षों के अंतराल में चातुर्मास हो रहा हे। व्यवस्था संबंधी सभी तैयारियां पूर्णकर समितियां बना दी गई है। बाहर से आने वाले श्रावक श्राविकाओं के आवास ओर भोजन की माकूल व्यवस्था की गई है। पूरे चातुर्मास का आयोजक अग्रवाल समाज रहेगा। अग्रवाल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष

श्री पवन एम अग्रवाल ने बताया कि मुनिराज श्री अत्यंत तप और साधना के प्रबल संवाहक हे।चातुर्मास काल में 98 दिनों में से मात्र 17 दिन आहार क्रिया में रहेंगे शेष दिनों में उपवास आदि तपस्या करेंगे।समय पर धार्मिक गतिविधियां,प्रवचन ओर महापर्व दसलक्षण पर्व में विविध आयोजन होंगे। मुनिश्री का 27 जुन को झाबुआ की ओर से चातुर्मास का भव्य प्रवेश होगा जो नगर के विविध मार्गो से होता हुआ अग्रवाल मंदिर पहुंचेगा जहां धर्म सभा होगी। 2 जून को मुनि श्री का जन्मदिन होने से उसी दिन चतुर्मास कलश की स्थापना एक भव्य समारोह में होगी।9 जून को चातुर्मास शुरू होगा जिसमें अनेक चातुर्मासिक क्रियाएं,अभिषेक,शांतिधारा आदि आयोजन होंगे। अग्रवाल समाज के वरिष्ठ घनश्याम अजित,जयंतीलाल,पवन आर, राजेंद्र,कमल,राजेश,मुकेश,संजय, यशवंत,वैभव ,पीयूष,पलक आदि ने मुनि श्री के भव्य स्वागत की अपील की हे।

# जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप नोबल द्वारा बाल ग्रह में सेवाएं प्रदान की

**रणजीत टाइम्स**

**इंदौर । जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप इंदौर नोबल के तत्वावधान में राकेश सपना जी बांठिया की अध्यक्षता में आज मानसिक रूप से विक्षिप्त बाल ग्रह परदेशीपुरा में अपने 31 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेवा कार्य के अंतर्गत संस्था के बच्चो की जरूरत को जानते हुए , तीन पलंग , 2 पंखे एवं होस्टल की खिड़कियों में मच्छर जाली लगाने जैसे कार्य के रूप में अपनी सेवाएं दी गई ।**




कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण ( नवकार आराधना ) से की गई , कार्यक्रम में मुख्य रूप से फेडरेशन ,एवं नोबल ग्रुप के संस्थापक आदरणीय श्री विजय जी मेहता , कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी अशोक लता जी कांकरिया , अतिथि फेडरेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जी छाजेड़ , राष्ट्रीय महासचिव एवं नोबल ग्रुप पूर्व अध्यक्ष श्री नीलेश एलोरा जी पोखरना , राष्ट्रीय महासचिव ,मनोहर जी लोढ़ा, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार रीतू जी डाकोलिया , मार्गदर्शक सुरेन्द जी डाकलिया , चैयरमेन अनिल सपना जी जैन , उपाध्यक्ष विकास अमिता जी कोठारी , प्रचार सचिव , राकेश रेखा जी भंडारी ,मानव सेवा चैयरमेन पुखराज जी जैन , मीडिया प्रभारी , योगेंद्र संगीता मेहता , पर्यटन सचिव अजय टीना जी कांकरेचा , सांस्कृतिक सचिव सुमन जितेंद्र जी जैन बोर्ड सदस्य नितेश प्रिया जी दलाल ,अजय जी बम नोबल दम्पति सदस्य , कार्यक्रम का सफल संचालन रीना जी चोपड़ा द्वारा किया गया , अंत मे आभार के बाद राष्ट्रगान से सभा को पूर्ण किया गया ।

# नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत दिलाई शपथ

**रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा। शासकीय महाविद्यालय में "नशा मुक्त भारत पखवाड़ा" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो 26 जून 2025 तक चलेगा। कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को क्रीड़ा अधिकारी प्रोफेसर मयंक पटेल द्वारा नशा मुक्ति संबंधित शपथ विद्यार्थियों को दिलाई गई। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर प्रकाश कुमार भालसे द्वारा प्रोग्राम का संचालन एवं मार्गदर्शन किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. सरिता सोनी द्वारा युवाओं तथा समाज में बढ़ती हुई नशा प्रवृत्ति की रोकथाम एवं इससे होने वाले दुष्परिणामों से विद्यार्थियों को अवगत करने तथा नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदक को इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल प्रदाय की गई



**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ। भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता (एडिप योजना) अंतर्गत श्री शम्भू पिता मानसिंह डामोर निवासी ग्राम लम्बेला तहसील राणापुर जिला झाबुआ को जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत करने पर कलेक्टर नेहा मीना द्वारा (इलेक्ट्रिक बैट्री) वाली ट्राई साइकिल प्रदाय की गई।

श्री शम्भू पिता मानसिंह डामोर द्वारा कलेक्टर नेहा मीना के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन दिया कि दैनिक जीवन में आवागमन की सुलभता हेतु इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल की मांग की गयी। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग उप संचालक से उपलब्धता के बारें में जानकारी लेकर एडिप योजनान्तर्गत ट्राई साइकिल दिये जाने हेतु निर्देशित किया। ट्राई साइकिल प्राप्त होने पर श्री शम्भू ने सहर्ष बताया कि अब आवागमन में कोई परेशानी नहीं होगी। साइकिल प्राप्त करके उन्होंने प्रशासन का धन्यवाद दिया और एडिप योजना को सभी दिव्यांगजनों के लिए हितेषी बताया। इस दौरान उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्री पंकज सांवले, सामाजिक न्याय विभाग से श्री खुशाल गुंडीया उपस्थित रहे।

## विधानसभा में पुन दूसरे चरण में स्वीकृत हुए 1098 आवास

**रणजीत टाइम्स**

नागदा जं. I प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत फरवरी में प्रथम चरण में 6030 आवास स्वीकृत हुए थे जिसमें से नागदा खाचरोद विधानसभा को 5026 आवास प्राप्त हुए थे यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि थी इससे लगभग कई प्रतीक्षारत हितग्राहियों की आवास की प्रतीक्षा समाप्त हुई और उनके सपने साकार हुए और वर्तमान में पुनः दूसरे फेज में 1098 आवास स्वीकृत हुए हैं जिससे पात्र हितग्राहियों को आवास का लाभ मिलेगा और वे अपने पक्के मकान का निर्माण कर सकेंगे विधायक डॉ तेजबहादुर सिंह चौहान के प्रयासों से यह विधानसभा क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है । विधानसभा क्षेत्र को इतनी बड़ी सौगात मिलने पर विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी,मुख्यमंत्री मोहन यादव केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल जी, के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता के उज्जैन आगमन पर किया भव्य स्वागत

**अंतिम युद्ध- बुलबुल परमार**



नागदा जं I भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान के सपरिवार उज्जैन आगमन पर किसान यूनियन मंच के मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष कवि देव सिंह गुर्जर ने पदाधिकारी व साथियों सहित चौहान को पुष्प गुच्छ व महाकाल की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया तथा किसानो के कई मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर पटेल सुरेंद्र सिंह गुर्जर मोकड़ी, अशोक गुर्जर, बाबू गुर्जर, ओम गुर्जर, मिथुन गोस्वामी तथा अन्य साथी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने अवैध गांजे की तस्करी के विरुद्ध की बड़ी कार्यवाही

**अवैध गांजे का परिवहन करते 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार कब्जे से कुल 07 किलो 700 ग्राम गांजा किया जप्त**



**रणजीत टाइम्स**

खरगोन वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल के द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के तहत जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य में अवैध मादक पदार्थ तस्करी की सूचना प्राप्त होने पर थाना मण्डलेश्वर पर अवैध मादक पदार्थ गांजे का परिवहन करने वाले 02 आरोपियान के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ।

### घटना का संक्षिप्त विवरण

मंगलवार को थाना मण्डलेश्वर पर मुखबीर से सुचना प्राप्त हुई कि, एक लाल काले रंग की पैशन प्रो मोटर साईकिल पर 02 व्यक्ति ग्राम चोली की तरफ से मण्डलेश्वर की तरफ आ रहे है जिसमे पीछे बैठे व्यक्ति के पास एक सफेद आसमानी प्लास्टिक की बोरी है जिसमे अवैध गांजा भरा हुआ । मुखबिर सुचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना मण्डलेश्वर से पुलिस टीम का गठन किया गया व मुखबिर की सूचना से अवगत करवा कर मण्डलेश्वर-चोली रोड रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा मौके पर रवाना होकर वहां से गुजरने वाली मोटर साइकिलों पर नजर रखी गई व मुखबिर के बताए हुलिये की मोटर साइकिल के आने का इंतजार किया गया । थोड़ी देर के बाद पुलिस टीम को एक लाल काले रंग की मोटर साईकिल पर 02 व्यक्ति दिखाई दिये जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रोका। रोके गए व्यक्तियो से उनका नाम



पता पूछने पर अपने नाम सुरेश पिता भादरसिंह गोयल उम्र 27 साल निवासी हाथी दगड थाना करही एवं गणपत पिता रमेश गोयल उम्र 21 साल निवासी ग्राम हाथी दगड थाना करही का होना बताया, पुलिस टीम के द्वारा मोटर साइकल पर बीच मे रखी हुई प्लास्टिक की बोरी चेक करने पर उसमे पुलिस टीम को अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला । पुलिस टीम के द्वारा सुरेश व गणपत से गाँजा रखने के संबंध में वैध दस्तावेज व लाइसेंस के होने का पूछने पर उसने कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। पुलिस टीम ने मौके पर दोनों आरोपी सुरेश व गणपत के कब्जे से कुल 07 किलो 700 ग्राम गांजा कीमत लगभग 1,15,000/-रुपये व अवैध गांजे के परिवहन में उपयोग की जा रही पैशन प्रो मोटर साइकल कीमती लगभग 15,000/-रुपये को नियमानुसार विधिवत जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना मण्डलेश्वर पर अपराध क्रमांक 195/2025 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

### पुलिस टीम

उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग मण्डलेश्वर मनोहरसिंह गवली के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी मण्डलेश्वर निरीक्षक दीपक यादव, उनि. प्रवीण निकुम , सउनि. लक्ष्मीनारायण बडोदिया, सउनि. कान्तिलाल सोलंकी, प्र.आऱ.754 फारुक, प्र.आऱ. 634 दिनेश रोमडे, प्र.आऱ. अनिल कुशवाह, आऱ. 287 अमित पाल, आऱ. 821 अभिषेक, आऱ. 537 शैलेश दुबे, आऱ. 250 शिवकुमार जामले, आऱ. 945 धर्मेन्द्र, आऱ. 309 राजकुमार दुबे, आऱ. 480 आशिष, आर राकेश सोलंकी, व सायबर सेल से अभिलाष डोंगरे का विशेष योगदान रहा ।

आधार कार्ड सेंटरों पर भीड़ हुई बेकाबू

# आधार कार्ड बनाने के लिए मशक्कत करती ग्रामीण इलाकों के आदिवासी ग्रामीण प्रशानिक अधिकारी बे खबर



रणजीत टाइम्स



झाबुआ । झाबुआ जिला मुख्यालय से लेकर झाबुआ जिले के सभी आधार कार्ड सेंटरों पर आधार कार्ड बनाने की ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है क्योंकि आधार कार्ड अनिवार्य है चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो या अन्य कोई भी कार्य में झाबुआ जिले के सभी आधार कार्ड सेंटरों पर जो यह भीड़ देखी जा रही है यह कोई हाट बाजार की भीड़ नहीं है यह भीड़ आधार कार्ड बनाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी है क्योंकि शैक्षणिक सत्र चालू होने वाला है पालकों को अपने बच्चों के लिए स्कूलों में जो एडमिशन करवाना है ग्रामीणों की लंबी लंबी लाइन सुबह 7 बजे से ही लगना शुरू हो जाती है यदि इनका फिर भी आधार कार्ड नहीं बनता है तो यही ग्रामीणों के द्वारा अपनी जूते चप्पलों की रात में ही लाइन लगाकर अगले दिन के लिए छोड़ जाते हैं देखने में यह सब आ रहा है कि इन ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने वाले कोई भी जन प्रतिनिधियों व शासकीय अधिकारी हैं ही नहीं है इस जिले में।

# कुत्तों व आवारा पशुओं की शिकायत पर भी पालिका बेपरवाह

## आवारा कुत्तों ने शहर में बरपाया कहर, आधा दर्जन से ज़्यादा बच्चें हुए "डॉग बाइट" का शिकार

रणजीत टाइम्स



खरगोन। शहर में सोमवार को शहर की घनी आबादी वाले इलाके संजय नगर में कुत्तों ने कहर बरपाया। कुत्तों के हमले से करीब आधा दर्जन से ज्यादा बच्चे जख्मी हुए है, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। एक के बाद एक बच्चों ओर लोगों पर हमला कर रहे कुत्तों से अफरातफरी मच गई। पालकों एवं रहवासियों में आक्रोश भी नजर आया। जिला अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार अब्दुल्ला अफसर शेख (6), अनाविया राजा मंसूरी बिलाल मस्जिद संजय नगर (4), राज पिता करण मुरिया (6) राजेंद्र नगर, आलिया एजाज मंसूरी (4) बिलाल मस्जिद संजय नगर, अनस वसीम मिर्जा (32) आजाद नगर, फानिज लोहार (6) राजेंद्र नगर, मुकीम मंसूर कुकडोल (60) को कुत्ते के काटने पर उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था। घायल बच्चों के परिजनों ने बताया कि दिन-भर कुत्ते झूंड में घुमते है। नगरपालिका को भी कई बार शिकायत कर चुके है। नपा को चाहिए कि इन आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाए, जिससे लोगों को इनके आतंक से निजात मिल सके।

आवारा पशुओं से भी निगम पस्त

जिस प्रकार से आवारा कुत्तों ने बच्चों को शिकार बनाया वैसे ही जिले की सड़कों पर आवारा पशुओं का भी आतंक पुरजोर फल फूल रहा है। आए दिन लोग इनका शिकार बन रहे है रोड़ पर मानो आम जनता का तो अधिकार रहा नही इन मवेशियों का ही बोलबाला है। अंधेरे में कई लोगो का इनसे एक्सीडेंट हो रहा है फिर भी नगर पालिका के कर्ता धर्ता आंखे मूंद कर बैठे है। जिला जिला नही बल्कि गौशाला बन गया है यंहा पालिका की नाकामी की वजह से पालतू पशुओं का इसकदर आतंक है कि आमजन का अंधेरे में निकलना दूभर हो गया है और पालिका है कि बस कचरे की गाड़ियों से मुंयादी पिटवाने के अलावा किसी भी ऐसे इन पशुओं के मालिकों पर कार्यवाही नहीं कर रही जिससे इन पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं से आमजन को राहत मिल सके देखना लाजमी होगा कि कुम्भकर्ण की नींद से ये कर्मठ अधिकारी-कर्मचारी जागते है।

# उप निरीक्षक (एमटी) श्री सवईसिंह सोलंकी का निरीक्षक (एमटी) पद पर पदोन्नति पुलिस अधीक्षक ने मिठाई खिलाकर दी बधाई








रणजीत टाइम्स

झाबुआ । दिनांक पुलिस विभाग में कार्यरत उप निरीक्षक (एमटी) श्री सवईसिंह सोलंकी को निरीक्षक (एमटी) के पद पर पदोन्नत होकर कार्यवाहर प्रभार दिया गया। पदोन्नत होने पर निरीक्षक (एमटी) श्री सवईसिंह सोलंकी का स्थानांतरण प्रथम वाहिनी इंदौर किया गया। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल ने उन्हें मिठाई खिलाकर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रेमलाल कुर्वे द्वारा श्री सोलंकी की वर्दी पर निरीक्षक पद के स्टार लगाये गये। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रेमलाल कुर्वे, रक्षित निरीक्षक श्री अखिलेश राय तथा सूबेदार कोमल मीणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने श्री सोलंकी को पदोन्नति की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आशरा मुबारका मजलिसों के लिए इंदौर पहुंच रहे हैं दाऊदी बोहरा समुदाय के लोग शहर में करीब 90,000 लोग शामिल होंगे इस आयोजन में

**रणजीत टाइम्स**



**इंदौर । दुनियाभर से दाऊदी बोहरा समुदाय के हजारों सदस्य इंदौर पहुंच रहे हैं, ताकि वे यहां होने वाली आशरा मुबारका मजलिसों में हिस्सा ले सकें। इस साल दाऊदी बोहरा मुस्लिम समुदाय के ५३वें धर्मगुरु, परमपावन सैयदना मुफ़द्दल सैफ़ुद्दीन साहब ने मुख्य आयोजन स्थल के रूप में चेन्नई को चुना है, जबकि इंदौर को सैटेलाइट सेंटर के रूप में तय किया गया है, जहां से कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण होगा।**

आशरा मुबारका, इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मोहर्रम की 2 से 10 तारीख तक का वह पवित्र समय होता है, जब पैग़म्बर मोहम्मद (पीबीयूएच), उनके नवासे इमाम हुसैन और उनके परिवार की शिक्षाओं को याद किया जाता है। उन्होंने न्याय, सच्चाई और इंसानियत के लिए जो साहसिक कदम उठाए, वे आज भी प्रेरणादायक हैं। दाऊदी बोहरा समुदाय के लिए यह अवसर एक आध्यात्मिक और सीखने की यात्रा होता है।

५३वें धर्मगुरु, परमपावन सैयदना मुफ़द्दल सैफ़ुद्दीन साहब की अगुवाई में समुदाय इन मजलिसों के जरिए अपने यकीन को मजबूत करने और आज की जिंदगी की चुनौतियों के बीच धर्म के रास्ते पर चलते रहने के लिए मार्गदर्शन करता है। ये वचन और प्रवचन उन्हें कुरआन की रोशनी में ज्ञान की तलाश और पैगंबर मोहम्मद (पीबीयूएच) व उनके परिवार के गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं यह आयोजन 27 जून से 5 जुलाई 2025 तक शहर के 28 स्थानों पर होगा, जिनमें सैफी नगर स्थित सैफी मस्जिद परिसर, सांघी ग्राउंड, बीजलपुर, एज्ज़ी नगर, महू, अम्मार नगर, नूरानी नगर और बेटमा प्रमुख हैं। इंदौर में कार्यक्रम के संयोजक खोजेमा पेटीवाला ने कहा, "यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि सैयदना साहिब ने मध्य प्रदेश के अन्य शहरों में से इंदौर को सैटेलाइट केंद्र के रूप में चुना। हम अपने घरों और दिलों के दरवाजे खोलकर दुनियाभर से आने वाले करीब 90,000 मोमिनों का स्वागत कर रहे हैं। हम नगर निगम और प्रशासन के सहयोग से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सभी मेहमानों को अच्छी सुविधा और व्यवस्था मिले।"

तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश के अन्य दाऊदी बोहरा केंद्रों में भी ये प्रवचन स्थानीय स्तर पर प्रसारित किए जाएंगे। इसके अलावा कोलंबो में भी एक अंतरराष्ट्रीय केंद्र पर इनका प्रसारण होगा। समुदाय के सदस्य अलग-अलग समितियों में संगठित होकर इस आयोजन को सुचारू रूप से चलाने की तैयारियों में लगे हैं। वॉलंटियर्स ट्रैफिक और भीड़ प्रबंधन में प्रशासन की मदद करेंगे, वहीं दूसरी टीमें हर दिन बांटे जाने वाले हज़ारों भोजन के कचरे को अलग करने और सफाई व्यवस्था संभालने का काम करेंगी। साथ ही, समुदाय के डॉक्टर और हेल्थ वर्कर्स सभी मेहमानों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराएंगे। पेटीवाला ने आगे कहा, "हम सभी मिलकर यह प्रयास कर रहे हैं कि आशरा मुबारका के दौरान निस्वार्थ सेवा, एकजुटता और एक बड़े उद्देश्य के प्रति समर्पण जैसे मूल्यों पर विचार किया जा रहा है, उन्हें अपने आचरण में उतार सकें।"

# जैन सोश्यल ग्रुप सखी की साधारण सभा मिसमैच थीम पर आयोजित

**रणजीत टाइम्स**



इंदौर । जैन सोश्यल ग्रुप सखी इंदौर अपनी हर साधारण सभा को किसी न किसी विशेष लक्ष्य के साथ पूरा करता आया है , हमेशा कुछ नया करने पर विश्वास रखता है,इसी उद्देश्य को लेकर मनोरंजन से भरपूर मिसमैच थीम आयोजीत की गई सभी सखियां अपने अलग ही अंदाज में मिसमैच ड्रेस पहन कर आई और एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी, संस्थापक अध्यक्ष सपना बांठिया ,अध्यक्ष शेफ़ाली मेहता सहित सभी बोर्ड सदस्यों ने मिसमैच थीम पर आधारित मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत की निवर्तमान अध्यक्ष अनिता गुगलिया, पूर्व अध्यक्ष प्रकृति सुराणा ,इंदु शाह, प्रभा दलाल,रीना पंकज छाजेड़,गीता भंसाली,वंदना जैन,सारिका मेहता,और संयोजक कल्पना बाबेल, सविता पोरवाल,इंदु जैन और रानी जैन ने थीम पर आधारित गेम्स का आयोजन किया जिसमें मस्ती धमाल और गिफ्ट की बहार रही अध्यक्ष शेफ़ाली मेहता द्वारा इस वर्ष की यात्रा के रूप में अयोध्या बनारस की यात्रा करवाने की घोषणा की गई सभी सखियों को पूरे वर्ष मनोरंजन के साथ ही मानव सेवा व धार्मिक गतिविधियां करवाने का आश्वासन दिया गया ,चातुर्मास में साप्ताहिक धर्मचक्र करवाने के लिए सभी को सुझाव देने के लिए कहा गया सभा मे निवर्तमान अध्यक्ष अनिता गुगलिया को विदाई देते हुए फ़ोटो फ्रेम दी गयी सखी ने अपने अलग ही अंदाज में समाज मे अपनी खास जगह बनाई है ,कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजकों द्वारा किया आभार सचिव सपना छाजेड़ ने माना।

## मांस निर्यात में भारत तीसरे स्थान पर, ये है हमारे मत की कींमत ? : हार्दिक हुंडिया

**रणजीत टाइम्स**

माँ भारत की पवित्र भूमि पर जन्म मिला ये हमारा सौभाग्य है । भारतीय संस्कृति की विश्व में एक अलग पहचान है। भगवान राम , महावीर , कृष्ण , बुद्ध , इशू , पयगंबर, नानक जैसे कई महा पुरुषों को मानने वाले इस देश में हमारा देश भारत मांस निर्यात में तीसरे स्थान पर ! हम सपने में भी नहीं सोच सकते की मेरे भारत की यह दशा ? ये बात कहते हुवे वरिष्ठ समाजसेवी हार्दिक हुंडिया ने कहा हम सभी में देश की अनमोल संस्कृति का संचार हुआ है और वो देश में अबोल जीवों की हत्या में मेरा देश तीसरे स्थान पर !!! जिस देश में भारत सरकार के उच्च स्थान पर नरेंद्र मोदी , अमित शाह , योगी आदित्य नाथ , राजनाथ सिंह , नितिन गडकरी जैसे कई शुद्ध अहिंसा में मानने वाले नेता हो वो देश में अबोल जीवो की इतनी हत्या ? भारत मांस एक्सपोर्ट में तीसरे स्थान पर ! हार्दिक हुंडिया ने कहा की भारत देश पवित्र भूमि है , जहां कहा जाता है की कण कण में भगवान है। भारत देश अहिंसा का पुजारी है। हार्दिक हुंडिया ने देश के उन तमाम नेताओं से अपील की है कि जो भगवान राम के नाम देश की जनता से मत मांगते है तो भगवान राम के सिद्धांतों को भी पाले। कहा जाता है कि कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर हजारों लोगो की जान बचाने वाले भगवान श्री कृष्ण के इस भारत देश में अबोल जीवो की हत्या ? हम कभी सोच भी नहीं सकते ? हमारे मतो से विजय प्राप्त करने वाले नेताओं अबोल जीवों की हत्या का विरोध क्यों नहीं कर सकते ? जो अबोल जीवो की रक्षा करता है वो ही देश का भला कर सकता है। हार्दिक हुंडिया ने कहा की देश के सभी धर्म प्रेमियों से दो हाथ जोड़ के बिंनती है की देश में सुशासन लाना है तो अबोल जीवो की हत्या माँ भारती के देश में ना हो , इसी में ही हम सब की भलाई है।



# “वियतनाम: इतिहास से सीखता हुआ, भविष्य की ओर बढ़ता देश”







## विशेष संपादकीय

अनुभव आधारित रिपोर्ट

गोपाल गावंडे, प्रधान संपादक, रणजीत टाइम्स

“हमने वियतनाम को सिर्फ किताबों में नहीं देखा, बल्कि जिया है – सड़कों पर चलते हुए, लोगों से मिलते हुए, गांवों और शहरों के बदलते रूप को महसूस करते हुए।” वियतनाम यात्रा सिर्फ एक सैर नहीं थी, बल्कि यह था उस देश की आत्मा से संवाद, जिसने युद्ध के जख्म झेले, लेकिन उम्मीद और आत्मनिर्भरता से खुद को फिर से खड़ा किया।

सड़कें, मेट्रो और सुगम परिवहन व्यवस्था

हमने जून माह में वियतनाम की यात्रा की और देश के विभिन्न हिस्सों को गहराई से देखा। हनोई से हो ची मिन्ह सिटी तक, चाहे गांव हो या आधुनिक शहर, हर जगह बेहद सुनियोजित सड़कें, साफ-सुथरे मेट्रो स्टेशन, और समय पर चलने वाली परिवहन व्यवस्था देखने को मिली। ट्रैफिक कम है, और लोग नियमों का पालन करते हैं — यह देश के विकासशील सोच का परिचायक है।

लोगों का व्यवहार और कार्य-कुशलता

जहां भी हम गए, हर व्यक्ति में एक चीज़ सामान्य रूप से देखी — इमानदारी, मेहनत और विनम्रता। लोग न केवल अपने काम के प्रति समर्पित हैं, बल्कि पर्यटकों के प्रति सौहार्दपूर्ण और सहयोगी रवैया रखते हैं। होटल, मार्केट, टूर गाइड, स्थानीय रेस्तरां — सभी जगह सेवा में उत्कृष्टता दिखाई दी।

गांव और संस्कृति से जुड़ाव

शहर जितने आधुनिक हैं, गांव उतने ही संस्कृति और परंपरा से जुड़े हुए हैं। वियतनाम के गांवों में सफाई, हरियाली और स्थानीय लोगों की अपने ग्राम और धरोहर के प्रति श्रद्धा को देखकर दिल गर्व से भर आया।

हर गांव में स्थानीय इतिहास को सहेजकर रखा गया है — वियतनामी भाषा, पारंपरिक वेशभूषा, खान-पान और त्योहारों को आज भी पूरी गरिमा से निभाया जाता है।

पर्यटन — सेवा और सम्मान दोनों

वियतनाम सरकार और जनता दोनों मिलकर टूरिज्म को एक अर्थव्यवस्था नहीं बल्कि सम्मान की सेवा मानते हैं। हर ऐतिहासिक स्थल पर व्यवस्थित मार्गदर्शन, साफ टॉयलेट, पीने का पानी और सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था है। Ha Long Bay, Cu Chi Tunnel, Marble Mountains, Golden Bridge, Ba Na Hills जैसे पर्यटन स्थल सिर्फ घूमने के लिए नहीं, सीखने और जुड़ने के लिए हैं।

निष्कर्ष: “वियतनाम ने यह दिखा दिया कि ज़ख्मों से भी उज्जवल भविष्य बन सकता है — बशर्ते नेतृत्व, मेहनत और देशभक्ति हो।”

आज जब हमने वियतनाम को नज़दीक से देखा, तब जाना कि यह देश केवल युद्ध का नहीं, बल्कि शांति, संस्कृति और नवोन्मेष का प्रतीक है।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना हैं

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

“रंजीत टाइम्स” में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!

अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।

टीम रंजीत टाइम्स- “आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़”

रणजीत टाइम्स